प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.06.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसियों और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाओं को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि देशभर में रहने वाला जनजातीय समाज सांस्कृतिक रूप से बहुत समृद्ध है और इन्हें आगे बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक गांव और व्यक्ति तक विकास पहुंचना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु ने सभी एजेंसियों और हितधारकों से जनजातीय कल्याण के लिए प्रत्येक पक्ष पर ध्यान देने को कहा।

राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि जनजातीय युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। सम्मेलन में 26 राज्य और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें आमजन को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करने का सर्वश्रेष्ठ साधन हैं। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी के बेड़े में 2 सौ 97 इलैट्रिक और 2 सौ 50 डीजल बसें शामिल की जा रही हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ये इलेक्ट्रिक बसें यात्रियों की सुविधा के अनुसार बनवाई गई हैं और इनके लिए चिन्हित स्थलों पर चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए जा रहे हैं।

---

12 वर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इस दौरान केंद्र सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और मध्यम वर्ग के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण पहले शुरू की है।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा है कि पंचायतीराज संस्थाओं व शहरी निकायों के चुनाव परिणामों ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति की दिशा व दशा स्पष्ट कर दी है। शिमला में आज उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनादेश देकर ये संकेत दे दिया है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का समय निकट है। रणधीर शर्मा ने कहा कि ये केवल चुनावी जीत नहीं है बल्कि जनता द्वारा कांग्रेस के खिलाफ सुनाया गया अविश्वास प्रस्ताव है।

मांडविया

केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने युवाओं से साइकिल चलाने और एक स्वस्थ व हरित राष्ट्र के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया है। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर एक वीडियो संदेश साझा करते हुए उन्होंने कहा कि साइकिल को नियमित आदत बनाने से संतुलित और अनुशासित जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है, साथ ही पर्यावरण स्थिरता और स्वच्छ परिवहन को भी समर्थन मिलता है। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाना न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक है, बल्कि एक स्वस्थ और हरित राष्ट्र के निर्माण में भी योगदान देता है।

ग्रीष्मोत्सव

अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव के दौरान 9 जून को ''**मां यानि मदर्स अगेंस्ट अब्यूज एंड एडिकशन**'' विषय पर महानाटी का आयोजन किया जाएगा। इसका उदेश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश जन–जन तक पहुंचाना है। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि इस माहनाटी में शिमला के विभिन्न आईसीडीएस खंड से करीब 2 सौ 50 आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिकाएं भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से सशक्त मां, सुरक्षित बचपन, नशामुक्त समाज और उज्जल भविष्य की परिकल्पना को साकार करने का प्रयास किया जाएगा।